## महत्वपूर्ण एवं खास

### मंत्रालय कैडर के एक दर्जन अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (आरएनएस)** सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय कैडर के एक दर्जन अनुभाग अधिकारियों अधिकारियों के तबादला आदेश जाती किया है। साथ ही 17 सहायक अनुभाग अधिकारियों का भी तबादला किया गया है।

### कोल इंडिया के पूर्व उप मुख्य अभियंता सत्यानंद प्रसाद का निधन

**भिलाई (आरएनएस)।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं कोल इंडिया के पूर्व उप मुख्य अभियंता सत्यानंद प्रसाद का निधन दिनांक 16 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को दोपहर 3.00 बजे से उनके निवास स्थान 43/9 नेहरू नगर (पूर्व ) से रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे बी.एस.पी. शिक्षा विभाग की पूर्व सीनियर लेक्चरर कोकिला प्रसाद के पति एवं कपिल प्रसाद के पिता थे।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव निलंबित

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुसुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव जंगलूराम यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जंगलूराम यादव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में यादव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

### राजधानी में 10 युवा कांग्रेसी नेता गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के जयस्तंभ चौक तथा सुंदर नगर चौक में आतिशबाजी कर जनमदिन मनाना यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप उर्फ भक्कू को भारी पड़ गया।मामले में पुलिस ने भक्कू सहित 10 कांग्रेसी नेताओं को गिरफ़्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले ये लोग जयस्तंभ चौक पर केक काट रहे थे, जहां से पुरानी बस्ती सीएसपी अमन झा ने उन्हें चेतावनी देकर भगाया। इसके बाद यूथ कांग्रेस के नेता अपने समर्थकों के साथ सुंदर नगर चौक पर चले गए। यहां से एसएसपी लाल उमेद ने जिला अध्यक्ष समेत 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रविवार रात 12 बजे जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप समेत 10 कांग्रेस कार्यकर्ता सुंदर नगर चौक बीच सडक़ आतिशबाजी कर केक काट रहे थे। इस दौरान आसपास के लोगों ने डायल 112 को कॉल कर मामले की शिकायत की, लेकिन वहां डायल 112 की टीम नहीं पहुंची। इस दौरान एसएसपी लाल उमेद गश्त पर निकले थे। उन्होंने आतिशबाजी और शोर-शराबे को देखकर तत्काल अपनी गाड़ी रोकी। जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप समेत सभी से पूछताछ की। सभी आरोपियों को फटकार लगाई। साथ ही सभी को मौके से अरेस्ट किया। वायरल वीडियो में दिख रह है कि कांग्रेसी एक बड़ा सा केक लेकर बीच सडक़ पर काट रहे हैं। साथ ही जमकर आतिशबाजी कर रहे हैं। उनके साथ मौजूद अन्य लोग शोर-शराबा भी कर रहे हैं। इस दौरान सडक़ से आने-जाने वालों को परेशानी हुई।

# सभी वर्गों के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक किया मतदान

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने किया विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण
- दूसरे चरण में 20 और तीसरे चरण के लिए 23 फरवरी को होगा मतदान







**रायगढ़**

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत आज विकासखंड रायगढ़ एवं पुसौर में पहले चरण की मतदान प्रक्रिया विभिन्न मतदान केंद्रों के माध्यम से हुई। जिसका कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने विकासखंड रायगढ़ के लोइंग, महापल्ली, सकरबोगा तथा विकासखंड पुसौर के छपोरा, गोतमा, बुनगा एवं कोड़ातराई स्थित विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के पूर्ण होने पश्चात मतगणना प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। रायगढ़ जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के पहले चरण का मतदान आज शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। प्रथम चरण में रायगढ़ और पुसौर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह 7 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया में सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और दिव्यांग मतदाता भी पूरे जोश के साथ मतदान केंद्रों तक पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत आज प्रथम चरण मतदान प्रक्रिया के दौरान सुबह 9 बजे तक की स्थिति में मतदान प्रतिशत कुल 10.76 रहा। जिसमें रायगढ़ 12.93 एवं पुसौर 8.71 प्रतिशत था। इसी तरह सुबह 11 बजे की स्थिति में कुल मतदान प्रतिशत 25.77 रहा। जिसमें रायगढ़ 27.12 एवं पुसौर 24.49 प्रतिशत था। इसी तरह दोपहर 1 बजे तक की स्थिति में मतदान प्रतिशत कुल 43.81 रहा। जिसमें रायगढ़ 41.34 एवं पुसौर 46.24 प्रतिशत था।

रायगढ़ एवं पुसौर के 173 ग्राम पंचायतों के 394 मतदान केन्द्रों के माध्यम से हुआ मतदान

विकासखण्ड रायगढ़ अंतर्गत कुल 84 ग्राम पंचायतों में 200 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसमें निर्वाचकों की संख्या 01 लाख 01 हजार 288 है। जिसमें 50 हजार 168 पुरूष एवं 51 हजार 120 महिला मतदाता है। इसी प्रकार विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत 89 ग्राम पंचायतों के लिए 194 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसमें कुल 01 लाख 7 हजार 56 निर्वाचकों की संख्या है। जिसमें 53 हजार 492-पुरूष एवं 53 हजार 564-महिला निर्वाचकों की संख्या है।

**दूसरे चरण में 20 और तीसरे चरण के लिए 23 फरवरी को होगा मतदान**

रायगढ़ जिले में तीन चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होंगे। पहले चरण में आज 17 फरवरी को रायगढ़ और पुसौर में मतदान हुआ। वहीं द्वितीय चरण में 20 फरवरी को खरसिया और धरमजयगढ़ में मतदान होगी। तृतीय और अंतिम चरण में 23 फरवरी को लैलूंगा, तमनार और घरघोड़ा ब्लॉक में मतदान संपन्न होगा।

## निर्वाचन ड्यूटी में नशे की हालत में पहुंच कर उपद्रव करने वाले सहायक शिक्षक झसकेतन राठिया निलंबित

- कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोयल की सख्त कार्रवाई

**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के दौरान नशे के हालत में निर्वाचन कार्य में उपस्थित होकर उपद्रव करने वाले सहायक शिक्षक झसकेतन राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार झसकेतन राठिया, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला बांजीखोल, विकासखण्ड तमनार की ड्यूटी नगर पालिक निगम, रायगढ़ में मतदान अधिकारी क्रमांक 02 में मतदान केन्द्र क्रमांक 160 (प्राथमिक शाला भगवानपुर, क.नं.01)के लिए मतदान दल क्रमांक 137 में कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर (नगर पालिका)नगर पालिक निगम रायगढ़ के आदेश के तहत लगाई गई थी। मतदान सामग्री प्राप्त करने तथा मतदान केन्द्र के लिए प्रस्थान हेतु 10 फरवरी 2025 को सहायक शिक्षक झसकेतन राठिया शराब के नशे में निर्वाचन के उक्त कार्य में उपस्थित होकर उपद्रव कर अन्य प्रशिक्षणार्थियों के कार्यों में विघ्न डालना पाया गया। उक्त कृत्य छ.ग.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरित होकर छ.ग.सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत दंडनीय होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर निर्धारित किया गया है।

## घरघोड़ा पुलिस ने एनडीपीएस कार्रवाई में प्रतिबंधित सीरप बेचने वाले युवक को किया गिरफ्तार, 90 प्रतिबंधित सीरप जब्त

**रायगढ़**



एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा क्षेत्र में अवैध जुआ, शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्रिय किए गए मुखबिर तंत्र से मिली पुख्ता जानकारी के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

दिनांक 17.02.2025 को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक रामकिंकर यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आमापाली लैलूंगा निवासी परमानंद प्रसाद एक बैग में अवैध प्रतिबंधित नशीली सीरप रखकर लैलूंगा रोड, घरघोड़ा एन.टी.पी.सी. कार्यालय के पास बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर एनडीपीएस एक्ट के तहत आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कराई गई। इसके पश्चात एएसआई विल्फ्रेड मसीह के नेतृत्व में पुलिस टीम को रवाना किया गया।

मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर पुलिस टीम ने लैलूंगा-घरघोड़ा रोड स्थित एन.टी.पी.सी. कार्यालय के सामने घेराबंदी कर संदेही परमानंद प्रसाद को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने प्रतिबंधित नशीली सीरप की बिक्री हेतु रखने की बात स्वीकार की। आरोपी परमानंद प्रसाद पिता राजेन्द्र प्रसाद (उम्र 21 वर्ष) निवासी ग्राम आमापाली, थाना लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के पास रखे बैग की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें कुल 90 शीशियां प्रतिबंधित नशीली सीरप (ONEREX Cough Syrup, Codeine Phosphate & Triprolidine Hydrochloride Syrup) प्रत्येक 100 एमएल की पाई गई। कुल मात्रा 9000 एमएल (09 लीटर) जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत रु.16,200/- है।

आरोपी के विरुद्ध थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 43/2025 धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। घरघोड़ा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं भी इस तरह के प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री या अवैध रूप से मेडिकल स्टोर्स में बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाएं दी जा रही हों, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक हरीश पटेल व प्रेम सिंह राठिया की अहम भूमिका रही। घरघोड़ा पुलिस का यह अभियान आगे भी इसी सख्ती से जारी रहेगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र में रेडियो किसान दिवस का आयोजन : जिले भर के किसान रहे मौजूद

- किसानों को दी गई खेती में नई तकनीकों की जानकारी
- वैज्ञानिकों ने बताए खेत को सुरक्षित रखने और अच्छे उत्पादन के उपाय

**रायगढ़**





आकाशवाणी के किसानवाणी प्रभाग द्वारा 15 फरवरी को रेडियो किसान दिवस पर के.वी.के.में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीक से खेती करने के तौर तरीके और अच्छे उत्पादन के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में जिले भर के दर्जनों किसान और कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। पहले माँ विद्यादायनी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान डॉ.के.डी. महंत ने गीत के माध्यम से माँ सरस्वती की वंदना की।

हर साल 15 फरवरी को आकाशवाणी द्वारा रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए ऐसे गावों का चयन किया जाता है, जहां कृषि विशेषज्ञों और अन्य अधिकारियों की पहुँच कम होती है। आकाशवाणी का प्रयास रहता है की ऐसे गावों के किसानों को कृषि तकनीक की जानकारी मिले। आचार संहिता के कारण इस वर्ष ये कार्यक्रम के.वी.के. में करना पड़ा।

आकाशवाणी की ओर से अतिथियों को शॉल और मोमेंटों से से सम्मान किया गया। आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख नीरज प्रभाकर का स्वागत किसानों द्वारा आम के बौर और पलाश के फूलों से किया गया। कार्यक्रम प्रमुख नीरज प्रभाकर ने अपने सम्बोधन में कहा की ऑर्गैनिक खेती, फसल चक्र परिवर्तन और समन्वित खेती किसानों की सफलता का मूल-मंत्र है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.अजीत कुमार सिंह द्वारा किसानों को मसाला वर्गीय फसलों से आमदनी बढ़ाने की बात कही। पशु चिकित्सक डॉ. पूरन लाल पटेल ने उन्नत पशुपालन की जानकारी देते हुए नस्ल-सुधार प्रबंधन, पशु आहार, कृत्रिम गर्भाधान की सलाह दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने मिट्टी को किस प्रकार सुरक्षित रखा जा सकता है, इसकी जानकारी दी। डॉ.मनीष चौधरी ने आहार और पोषण-प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ.खूबचन्द बघेल कृषक-रत्न से सम्मानित खेमराज पटेल ने मशरूम उत्पादन से अधिक लाभ होने की बात कही। सहायक मत्स्य अधिकारी धनी जंघेल, सोनिया सोनी, भागीरथी पटेल और प्रगतिशील कृषक नारायण गभेल, विद्याधर पटेल, उर्मिला सिदार समेत अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम समापन और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख नीरज प्रभाकर ने किया। उन्होनें कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में किसानवाणी प्रभाग से रामबिलस पटेल, दिलीप चौधरी, मुकेश चतुर्वेदी, धवल किशोर गुप्ता, सुशील प्रधान, वेणुधार पटेल, अजय श्रीवास, हर्ष नामदेव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बजट प्रस्ताव पर मंत्री स्तरीय चर्चा : मंत्री केदार कश्यप के विभागों के बजट पर हुई चर्चा





**रायपुर**

वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट एवं नवीन मद प्रस्ताव पर मंत्री स्तरीय चर्चा में मंत्री केदार कश्यप के विभागों के बजट प्रस्ताव पर व्यापक चर्चा हुई। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के साथ विभागीय बजट प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया। बजट चर्चा में अपर मुख्य सचिव द्वय ऋर्चा शर्मा एवं सुब्रत साहू, वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, सहकारिता विभाग के सचिव सी.आर. प्रसन्ना, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, कौशल विकास सचिव एस.भारतीदासन सहित वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

## छत्तीसगढ़ में डेयरी विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति, किसानों की बढ़ेगी आय - मुख्यमंत्री साय

- राज्य सरकार पशुपालन को बना रही समृद्ध ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मार्गदर्शन में तैयार हुआ पायलट प्रोजेक्ट, डेयरी उद्योग को मिलेगी नई दिशा

**रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कहा कि छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति की तर्ज पर डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने और किसानों व पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय बनाने और प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिसंबर 2024 में राज्य सरकार और NDDB के बीच हुए समझौते के बाद छत्तीसगढ़ में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अधिकांश आबादी कृषि से जुड़ी है और अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन का कार्य भी करती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता में तैयार पायलट प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार लगभग 5 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 6 जिलों को शामिल किया गया है और सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, पोषण अभियान को मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डेयरी उद्योग के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही, प्रदेशवासियों के पोषण स्तर में भी सुधार होगा, जिससे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव आएगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ, प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में वृद्धि और सरप्लस दूध के उपयोग को लेकर ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दूध उत्पादन से जुड़े किसानों और पशुपालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय को बढ़ा सकें।

बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के चेयरमैन मिनिष शाह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन 58 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन करने के बाद, दुग्ध उत्पादन और मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को आधुनिक तकनीक और मशीनों से दूध की गुणवत्ता जांच और तत्काल भुगतान की सुविधा प्रदान की जाएगी। बायोगैस और बायो-फर्टिलाइजर प्लांट की स्थापना से पशुपालकों की अतिरिक्त आय के स्रोत बढ़ेंगे, जिससे पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहेगा।

**छत्तीसगढ़ को डेयरी उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प**

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने डेयरी विकास, पशु उत्पादकता संवर्धन, पशु प्रजनन और पशु पोषण को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक योजना के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की।

**मुख्यमंत्री का आह्वान – पशुपालन से समृद्धि की ओर बढ़े छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़संकल्पित है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक पशुपालन रिमिजियूस एक्का सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480